

झारखण्ड सरकार

# अपील

**हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड सारकार

प्रिय झारखण्ड वासियों, जोहार!

आपको विदित है कि वर्तमान में चीन के हुबई प्रांत के वुहान शहर में एक नए प्रकार के वायरस "नोवल कोरोना" का संकमण हुआ है, जिसके संकमण का लक्षण तेज बुखार, सूखी खाँसी, कमजोरी, गले में खराश एवं श्वास लेने में तकलीफ है।

चीन के वुहान शहर एवं प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले व्यक्ति से इस संकमण के फैलने की संभावना होती है।

अतः कोरोना वायरस के संकमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु आपसे अपील है कि संभावित संकमित रोगी के संपर्क में न आएं, हाथ न मिलाएं, गले न लगाएं, खाँसते व छींकते समय मुँह व नाक पर रुमाल रखें, हाथों को स्वच्छ पानी से धोएं, अधिक मात्रा में तरल पदार्थ एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें, मास्क का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल तथा सरकारी जिला अस्पताल पर संपर्क करें।

नोवल कोरोना वायरस से अनावश्यक डरने की आवश्यक्ता नहीं है। सावधानी एवं सतर्कता से बचाव आसान है। झारखण्ड सरकार कोरोना वायरस संकमण की निगरानी, रोकथाम, बचाव एवं नियंत्रण हेतु पूर्ण सजग और क्रियाशील होकर आपके साथ है।

भवदीय

(हेमन्त सोरेन)

---

**नोवल कोरोना वायरस कंट्रोल रुम, राज्य निगरानी इकाई, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (Integrated Disease Surveillance Program)– 0651–2261368 / 9955837428 तथा RIMS RANCHI–0651–2542700 में स्थापित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय कॉल सेंटर नंबर 011–23978046 एवं स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार की समस्या के निदान हेतु टॉल फ्री नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश के सभी नागरीकों से अपील है कि किसी भी शंका का समाधान 104 टोल फ्री नंबर 24X7 पर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।**

बन्ना गुप्ता
मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड**
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार